विद्यार्थियों को किया जल संरक्षण के बारे में जागरूक

बूंदी, 13 फरवरी। बूंदी शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली का कार्य राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना द्वारा किया जा रहा है। सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधीक्षण अभियंता मनीष अरोड़ा एवं अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा के निर्देशानुसार एवं सामाजिक विकास विशेषज्ञ श्रीकांत शर्मा के मार्गदर्शन में शहर के वार्ड नंबर 5 के स्कूल, लॉर्ड कृष्णा कान्वेन्ट स्कूल लंका गेट में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम में बालक, बालिकाओं को शॉर्ट फिल्म के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी विकास परियोजना के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एएसडी कृष्णा सैनी ने पानी के संरक्षण पर बच्चों की भूमिका व नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण तथा औद्योगिकीकरण के कारण प्रतिव्यक्ति के लिए उपलब्ध पेयजल की मात्रा लगातार कम हो रही है। जहाँ एक ओर पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर प्रदूषण और मिलावट के कारण उपयोग किए जाने वाले जल संसाधनों की गुणवत्ता तेजी से घट रही है।

इसी क्रम में बच्चों को जल संरक्षण व व्यक्तिगत स्वच्छता का संदेश दिया और जल संरक्षण की शपथ दिलाई। साथ ही घर, गली, मोहल्ले में लोगों को पानी बचाने के लिए प्रेरित करने की अपील की। सार्वजनिक जगह हो या अपना घर या विद्यालय कही भी पानी बर्बाद नहीं करें। पानी प्रकृति द्वारा मानवता को दिया गया सबसे अनमोल उपहार है। जल के कारण ही पृथ्वी पर जीवन संभव है। पृथ्वी की तीन-चौथाई सतह पानी से ढकी हुई है, लेकिन इसके बावजूद भारत और अन्य देशों के कई क्षेत्रों में लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं। संवेदक फर्म से सोशल आउटरीच टीम के सदस्य सौरव शर्मा, हिमानी ने कार्यक्रम में भाग लिया।